आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून (उत्तराखण्ड)
बुधवार 05.03.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :–**

- राज्य सरकार ने सड़क, पेयजल, सुरक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए बावन करोड़ रुपए की धनराशि स्वीकृत की।
- उत्तराखंड में स्कूली शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिये जिलाधिकारियों को शिक्षा योजनाओं की जिम्मेदारी लेने के निर्देश।
- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– सरकार, प्रदेश से पलायन के समाधान के लिये संकल्पित होकर काम कर रही है।
- आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत ने ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश किया।

**स्वीकृति**

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने राज्य में सड़क, पेयजल, सुरक्षा, स्वास्थ्य और धार्मिक स्थलों के विकास के लिए लगभग बावन करोड़ रुपए की वित्तीय स्वीकृति प्रदान की है।
इसके तहत, यमुनोत्री और पुरोला विधानसभा क्षेत्रों में सड़कों का सुदृढ़ीकरण व डामरीकरण, अल्मोड़ा में राष्ट्रीय राजमार्ग–109 से मेडिकल कॉलेज तक सड़क चौड़ीकरण और चम्पावत व हल्द्वानी में थाना निर्माण के लिए धनराशि मंजूर की गई है।

गोपेश्वर व देहरादून की पेयजल योजनाओं, रुद्रप्रयाग के नर्सिंग संस्थान में सुविधाओं के विकास और देवीधुरा, डीडीहाट व अन्य धार्मिक स्थलों के सौंदर्यीकरण के लिए भी सरकार की ओर से धनराशि स्वीकृत की गई है।
इन परियोजनाओं से प्रदेश में बुनियादी ढांचा मजबूत होगा और जनता को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी।

**शिक्षा सुधार**

उत्तराखंड में स्कूली शिक्षा के स्तर को बेहतर बनाने के लिए मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने जिलाधिकारियों को शिक्षा योजनाओं की जिम्मेदारी लेने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने सभी जिलाधिकारियों को ''सम्पर्क योजना'' की हर महीने अनिवार्य समीक्षा करने और इसकी लगातार मॉनिटरिंग के लिए डीएम डैशबोर्ड का उपयोग सुनिश्चित करने को कहा।
मुख्य सचिव सचिवालय में माध्यमिक शिक्षा और सम्पर्क फाउंडेशन की शिक्षा योजनाओं की समीक्षा कर रही थीं। उन्होंने चम्पावत, सितारगंज, पौड़ी, खिर्सू, डीडीहाट और ऊखीमठ ब्लॉक में सम्पर्क योजना के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

गौरतलब है कि सम्पर्क फाउंडेशन और समग्र शिक्षा उत्तराखंड के बीच 2014 से चल रहे एमओयू के तहत राज्य के 13 जिलों के 95 ब्लॉकों में लगभग साढ़े ग्यारह हजार स्कूलों को डिजिटल संसाधनों से लैस किया जा रहा है। इसमें स्मार्ट एलईडी टीवी, सम्पर्क स्मार्टशाला, ऑफलाइन कंटेंट, वीडियो और अन्य डिजिटल टूल्स शामिल हैं। अब तक राज्य के चार हजार तीन सौ सैंतीस स्कूलों को स्मार्ट क्लासेज में अपग्रेड किया जा चुका है।

## प्रयास

देहरादून के दुर्गम क्षेत्रों में निवेश और विकास कार्यों को मूर्त रूप देने के लिए जिला प्रशासन ने कमर कस ली है। इसी क्रम में मार्च के तीसरे सप्ताह में जिलाधिकारी सविन बंसल तीन दिवसीय प्रवास पर त्यूनी और चकराता क्षेत्र का दौरा करेंगे। इस दौरान बहुउद्देशीय शिविरों के माध्यम से क्षेत्रवासियों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।

कोटी कनासर में पहली बार 200 नवगठित वन पंचायतों का कान्क्लेव आयोजित होगा। इसमें वन पंचायतों को आपदा मद से धनराशि प्रदान की जाएगी, जिससे वनाग्नि रोकथाम और फायर वॉचर्स की क्षमता बढ़ाने में मदद मिलेगी।
वहीं, हनोल मंदिर परिसर में स्थानिकों और पुरोहितों के साथ मंदिर मास्टर प्लान और विस्तार को लेकर चर्चा की जाएगी। इस विमर्श में स्थानीय हितों को प्राथमिकता दी जाएगी।

उधर, त्यूनी में आयोजित वृहद बहुउद्देशीय शिविर में पेंशन, स्वास्थ्य जांच और विभिन्न प्रमाण पत्रों से जुड़े मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया जाएगा।
यह पहली बार है जब कोई जिलाधिकारी तीन दिनों तक दुर्गम क्षेत्रों में प्रवास कर स्थानीय जनता की समस्याओं को नजदीक से समझेगा और उनका समाधान सुनिश्चित करेगा।

## चारधाम यात्रा तैयारियां

उत्तराखंड सरकार ने आगामी चार धाम यात्रा को सुगम बनाने के लिए अपनी तैयारियाँ शुरू कर दी हैं। पौड़ी गढ़वाल के पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह ने बताया कि यात्रा के मार्ग में श्रीनगर एक महत्वपूर्ण स्थन है, जहाँ तीर्थयात्रियों की भीड़ को ध्यान में रखते हुए व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने कहा कि चारधाम में भीड़ बढ़ने पर तीर्थयात्रियों को श्रीनगर में रुकना पड़ता है। पिछले साल के अनुभवों को ध्यान में रखते हुए, धरासू में भी यात्रा की तैयारियाँ प्रारंभ कर दी हैं, ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा का सामना न हो।

## मोटापे से बचाव

देहरादून मिलिट्री स्टेशन में सैनिक अस्पताल, स्थानीय स्वास्थ्य संगठन व उत्तराखंड सब एरिया के तत्वाधान में सेना के जवानों के लिए मोटापे से होने वाली बीमारी पर एक लेक्चर का आयोजन किया गया।

इस अवसर पर कर्नल आलोक गुप्ता ने जवानों को मोटापे से होने वाली बीमारी व गंभीर स्वास्थ्य समस्याओं के बारे मे जानकरी दी और समय रहते मोटापे को कम करने की जरूरत पर जोर दिया।

इस अवसर पर 05 ऑफिसर, 25 जेसीओ और 140 जवानों ने अपनी भागीदारी सुनिश्चित की और मोटापे से स्वास्थ्य संबंधी जटिल समस्याओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

## मेगा प्रदर्शनी

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि सरकार प्रदेश से पलायन जैसी बड़ी समस्या के समाधान के लिये संकल्पित होकर काम कर रही है। वर्तमान में जहां एक ओर औद्योगिक, लॉजिस्टिक, स्टार्टअप और एमएसएमई नीति सहित अनेक नई नीतियां बनाकर उत्तराखंड को निवेश और रोजगार सृजन के क्षेत्र में एक अग्रणी प्रदेश के रूप में विकसित किया जा रहा है, वहीं होम

स्टे योजना, लखपति दीदी योजना और मुख्यमंत्री सौर स्वरोजगार योजना जैसी अनेकों योजनाएँ लागू कर स्वरोजगार को भी बढ़ावा दिया जा रहा है। मुख्यमंत्री रूड़की के नेहरू स्टेडियम में ''विकसित भारत–विकसित उत्तराखण्ड'' मेगा प्रदर्शनी के शुभारम्भ अवसर पर बोल रहे थे। राज्य सरकार के विभिन्न प्रयासों को रेखांकित करते हुए श्री धामी ने कहा कि प्रदेश में स्टार्ट–अप को बढ़ावा देने 200 करोड़ रुपए का एक वेंचर फण्ड भी तैयार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि आज राज्य प्रत्येक क्षेत्र में आगे बढ़ रहा है और विश्वास जताया कि सरकार, जन सहभागिता से उत्तराखंड को देश के एक अग्रणी राज्य के रूप में स्थापित करने के अपने विकल्प रहित संकल्प को पूरा करने में अवश्य सफल होगी।

इस मेगा प्रदर्शनी में डीआरडीओ, इसरो, टीएचडीसी, और भारतीय मानक ब्यूरो के साथ ही अनेक केंद्रीय एजेंसियों द्वारा स्टॉल लगाकर विकसित भारत और आत्मनिर्भर भारत की उपलिब्धयों को प्रदर्शित किया गया है।

**क्रिकेट**

पुरुष क्रिकेट में, भारत ने दुबई में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी के पहले सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया को 4 विकेट से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। ऑस्ट्रेलिया द्वारा निर्धारित 265 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए, भारत ने 48 दशमलव एक ओवर में 4 विकेट शेष रहते लक्ष्य हासिल किया।

इससे पहले टॉस जीतकर बल्लेबाजी करते हुए ऑस्ट्रेलिया की टीम 50वें ओवर में 264 रन पर सिमट गई।

विराट कोहली को 84 रनों की शानदार पारी खेलने के लिये प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। आज दूसरे सेमीफाइनल में लाहौर में न्यूजीलैंड का मुकाबला दक्षिण अफ्रीका से होगा। फाइनल मुकाबला रविवार को खेला जाएगा।

**समीक्षा बैठक**

प्रदेश के पंचायती राज मंत्री सतपाल महाराज ने देहरादून में आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में पंचायत भवनों को इंटरनेट से जोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों में ऑनलाइन सेवाओं का लाभ मिलेगा। बैठक में 15वें वित्त आयोग के तहत आवंटित धनराशि के व्यय में तेजी लाने और पंचायत भवन निर्माण के लिये बजट 10 लाख से बढ़ाकर 20 लाख करने पर भी चर्चा हुई।

**और अब एक नजर आज के समाचार पत्रों की सुर्खियों पर––**

भारत के चैंपियनशीप ट्रॉफी के फाइनल में पहुंचने की ख़बर सभी समाचार पत्रों में प्रमुखता से प्रकाशित की गई है। दैनिक जागरण समाचार पत्र लिखता है– आस्ट्रेलिया को चार विकेट से हराकर लिया 2023 वनडे विश्व कप का बदला। इसी पर अमर उजाला की सुर्खी है– चौदह साल का दंभ चूर, टीम इंडिया पांचवी बार सेमीफाइनल में।

टीबी मरीजों को शिक्षक और अधिकारी लेंगे गोद– इस शीर्षक के साथ अमर उजाला लिखता है कि शिक्षा मंत्री डॉक्टर धन सिंह रावत ने प्रदेश को वर्ष 2025 तक एनीमिया और टीबी मुक्त बनाने के लिये सघन जागरूकता अभियान चलाने को कहा है।

एक अन्य ख़बर पर राष्ट्रीय सहारा समाचार पत्र स्वास्थ्य मंत्री डॉक्टर धनसिंह रावत के हवाले से लिखता है– नर्सिंग के एक हजार पदों पर जल्द होगी भर्ती।

मार्च के महीने में राज्य के बिजली उपभोक्ताओं के बिल में कमी आयेगी। हिंदुस्तान समाचार पत्र के अनुसार, श्रेणी के हिसाब से एक दशमलव तीन सात रुपए प्रतिशत यूनिट तक रिबेट मिलेगी।